भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †170
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन को बढ़ावा

†170. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ओडिशा राज्य सरकार ने कोरापुट और रायगढ़ जिलों के विकास हेतु सरकार को कोई प्रस्ताव प्रस्तुत किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा तथा इसकी वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार ने कोरापुट में देवमाली पहाड़ी जैसे संभावित पर्यटन स्थलों का सर्वेक्षण किया है और उन्हें विकसित करने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक केंद्रीय क्षेत्र की अपनी योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के उनके प्रयासों में सहायता करता है। पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 की अपनी नवीकृत योजना के तहत राज्य सरकारों के परामर्श से ओडिशा राज्य में 'खिंडा गांव के विशेष आकर्षण के साथ कोरापुर और देबरीगढ़' सहित देश में विकास हेतु 57 गंतव्यों को चिन्हित किया है। स्वदेश दर्शन 2.0 के दिशानिर्देशों में चुने गए गंतव्यों के लिए बेंच मार्किंग, विस्तृत अंतर मूल्यांकन और हस्तक्षेपों तथा परियोजना शेल्फ की पहचान पर आधारित गंतव्य मास्टर प्लान तैयार करने के लिए रूप-रेखा दी गई है।

*****